प्रेस विज्ञप्ति

लेजेन्ड 90

प्रति,

खेल संपादक महोदय

..........................................

दिनांक–05.02.2025

## लेजेन्ड 90 की आयोजक समिति ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी से मुलाकात कर जर्सी भेंट की तथा प्रतियोगिता में आंमत्रित किया

**लेजेन्ड 90 क्रिकेट लीग** दिनांक 06 फरवरी 2025 से 18 फरवरी 2025 तक शहीद वीर नारायण सिंह अंर्तराष्ट्रिय क्रिकेट स्डेडियम में आयोजित की जा रही है। **लेजेन्ड 90 क्रिकेट लीग** अंर्तराष्ट्रिय स्तर की लीग है जिसका आयोजन पूर्व में श्रीलंका सहित अनेक देशों में हुआ है। इस वर्ष उक्त लीग के आयोजन का सम्मान भारत को प्राप्त हुआ है। इस प्रतियोगिता में अनेक राष्ट्रीय एवं अंर्तराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हिस्सा ले रहें है, जिनमें क्रीस गेल, डेविड वार्नर, हरभजन सिंह, शिखर धवन, युवराज सिंह, सुरेश रैना, मैथ्यु वेड, मोइन अली, एरोन फींच, तिसारा परेरा, रॉबीन उथ्थपा, दिनेश कार्तिक, शॉन मार्श, मार्टिन गप्टिल, केदार जाधव, बेन डंक, साकिब अल हसन, तथा डेनियल क्रिश्यचन आदि सम्मिलित हैं।

इसी तारतम्य में आज दिनांक 05 फरवरी 2025 को लेजेन्ड 90 की आयोजन समिति के सदस्यों ने माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी से मुलाकात की । लेजेन्ड 90 के मुख्य कार्यकारी अधिकारी **श्री तरुणेश सिंह परिहार** ने मुख्यमंत्री महोदय को **छत्तीसगढ़ वारीयर्स** टीम की 21 नंबर (मुख्यमंत्री महोदय के जन्मतिथि के अनुसार) की जर्सी भेंट की तथा प्रतियोगिता हेतु विशेष निमंत्रण दिया। साथ ही परिहार जी ने मुख्यमंत्री जी का प्रतियोगिता से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की।

श्री तरुणेश परिहार जी के अतिरिक्त आयोजन समिति से श्री बलविन्दर सिंह एवं श्री राहुल भदौरीया (संचालक स्पोर्ट्स मिंट), श्री सदन घोष (संचालक यारों), श्री गौरव बत्रा, श्री राजीव सोनी आदि उपस्थित रहे।

धन्यवाद्

तरुणेश सिंह परिहार

9329123450

मुख्य परिचालन अधिकारी, लेजेन्ड 90 लीग